छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | प्रथम सत्र | अंक-04

रायपुर, गुरूवार, दिनांक 9 जनवरी, 2014

(पौष-19, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1.पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री राजेश मूणत, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 85 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार अधिसूचना क्रमांक -

(i) एफ 7-16/2011/32, दिनांक 2 जुलाई, 2013,

(ii) एफ 7-2/2011/32, दिनांक 7 अगस्त, 2013,

(iii) एफ 7-5/2013/32, दिनांक 7 अगस्त, 2013, तथा

(iv) एफ 7-9/2012/32, दिनांक 1 अक्टूबर, 2013, **पटल पर रखे।**

2.वर्ष 2013-2014 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2013-2014 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन किया।

माननीय अध्यक्ष ने अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा और मतदान के लिए शुक्रवार, दिनांक 10 जनवरी, 2014 की तिथि निर्धारित की।

3.माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा(क्रमशः)

श्रीमती अनिला भेंडिया, श्री संतोष उपाध्याय,

4. अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि अध्यक्षीय दीर्घा में राज्यसभा सांसद श्री नंदकुमार साय उपस्थित हैं, सदन उनका हार्दिक स्वागत करता है ।

(सभापति महोदय (श्री बद्रीधर दीवान) पीठासीन हुए ।)

5.माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा(क्रमशः)

डॉ.प्रीतम राम, सर्वश्री चुन्नीलाल साहू (खल्लारी) जनकराम वर्मा, (डा.) खिलावन साहू, अमरजीत भगत,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

डॉ.विमल चोपड़ा, सर्वश्री अंबेश जांगड़े, बृहस्पत सिंह, तोखन साहू, धनेन्द्र साहू,

(सभापति महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए।)

श्री श्याम बिहारी जायसवाल,

सभापति महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा हेतु सायं 5 बजे तक का समय नियत है। 5 बजे नेता प्रतिपक्ष अपना भाषण प्रारंभ करेंगे तत्पश्चात् मान. मुख्यमंत्री अपनी बातें रखेंगे। अधिकतम सदस्यों को चर्चा का अवसर मिले इसलिए माननीय सदस्य 5-5 मिनट में अपनी बात रखें एवं कार्यवाही के संचालन में सहयोग करें।

श्री अमित अजीत जोगी, श्रीमती चम्पादेवी पावले,

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री अरूण वोरा, मोती राम चंद्रवंशी, गुरूमुख सिंह होरा, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, श्री मोतीलाल देवांगन,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री लाभचंद बाफना, खेलसाय सिंह, (डॉ.) सनम जांगडे, उमेश पटेल, रामलाल चौहान, मनोज सिंह मंडावी,

(सभापति महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री गोवर्धन सिंह मांझी, चुन्नीलाल साहू (अकलतरा) लखन देवांगन, दिलीप डहरिया, श्रवण मरकाम, श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री संतराम नेताम, चिन्तामणी महाराज, श्यामलाल कंवर, राजेन्द्र कुमार राय, शंकर ध्रुवा, भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, सियाराम कौशिक, बघेल लखेश्वर,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

नेता प्रतिपक्ष-श्री टी.एस.सिंहदेव।

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से आज की कार्य सूची के पद क्रम 3 का कार्य पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की।)

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

समस्त संशोधनों पर एक साथ मत लिया गया।

समस्त संशोधन अस्वीकृत हुए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

6. अध्यक्षीय उद्‌गार

कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा में लगभग 14 घंटे 10 मिनट चर्चा हुई। यह वर्ष 2000 में 16 घंटे 25 मिनट हुई चर्चा के पश्चात् सबसे लम्बी चर्चा है। इस अवसर पर मैं सभी सदस्यों को बधाई देता हूं, जिन्होने चर्चा में हिस्सा लेकर उपयोगी सुझाव दिये।

मैं यह भी उल्लेख करना चाहूंगा कि प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों ने भी जिस प्रकार प्रथम बार में ही सदन का ध्यान आकृष्ट किया वह उल्लेखनीय है। मैं प्रथम बार निर्वाचित विधायकों को विशेष रूप से बधाई देता हूं एवं प्रशंसा करता हूं।

सायं 7.10 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनाँक 10 जनवरी, 2014 (पौष 20, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा